राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

# जयपुर में 77वें गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित

## उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## राज्यपाल श्री बागडे ने 'विकसित भारत– विकसित राजस्थान' के निर्माण में सभी को अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का किया आह्वान

जयपुर, 26 जनवरी। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने झंडा फहराने के बाद परेड का निरीक्षण किया और सलामी गारद द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान गणतंत्र दिवस पर 'विकसित भारत– विकसित राजस्थान' के निर्माण में सभी को अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान की महान परंपरा, उसके मूल तत्व और उसके आदर्शों में अटूट आस्था व्यक्त करने का अवसर है।

राज्यपाल ने राजस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में हुए अभूतपूर्व विकास की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश को 2029 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ राज्य सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, सड़क और औद्योगिक विकास जैसे बुनियादी क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। जनहितैषी नीतियों और पारदर्शी शासन व्यवस्था से आमजन का विश्वास सुदृढ़ हुआ है तथा प्रशासनिक जवाबदेही को हर स्तर पर सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और सीमाओं पर चौकस प्रहरियों के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा कि उनकी बदौलत ही आज भारत विश्व पटल पर आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक क्षेत्र आदि में विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर लोक कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

### राज्यपाल ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए

इससे पहले राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने 77वें गणतंत्र दिवस पर सवाई मानसिंह स्टेडियम के समीप अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया और मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वहां से रखी पुस्तिका में अपनी ओर से शहीदों के प्रति शब्द कृतज्ञता भी अंकित की।

———————






भारतीय
कला
संस्थान
ब्रज






FIT
INDIA










RAJASTHAN POLICE




RAJASTHAN POLICE




17TH BN THE SIKH REGT
TIGERS